

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

गुरुता को नमन

आचार्य महाप्रज्ञ

जैन विश्व भारती प्रकाशन

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

प्रकाशक :
जैन विश्व भारती
लाडनूं-३४१३०६ (राज.)

समाकलन :
साध्वी विमलप्रज्ञा

संस्करण : 2004

मूल्य : ३०/- रुपया मात्र

मुद्रक : कला भारती, नवीन शाहदरा, नई दिल्ली

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

प्रस्तुति

कुछ कविताएं अंतःस्फुरणा से लिखी जाती हैं और कुछ प्रसंगवश। तेरापंथ धर्म संघ में कविता लिखने के तीन स्वतः सिद्ध प्रसंग हैं–

१. मर्यादा महोत्सव

२. भिक्षु चरमोत्सव

३. वर्तमान आचार्य का पट्टोत्सव

प्रस्तुत पुस्तक में संगृहीत कविताएं इन प्रसंगों पर लिखी हुई हैं।

महावीर जयंती के प्रसंग पर मुख्यतया भाषण-संभाषण का कार्यक्रम रहता है, काव्य पाठ के अवसर कम आते हैं फिर भी अंतस्तोष के लिए कभी-कभी कुछ कविताएं लिखी गईं।

कविता में शब्द गौण होते हैं, लक्षणा प्रमुख इसलिए अपेक्षित होता है–पाठक की आंख शब्द-पाठ से आगे अर्थ-पाठ तक पहुंच जाए।

सूरत — **–आचार्य महाप्रज्ञ**

२७ अगस्त, २००३

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

भगवान महावीर

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

१

तुम्हारे पद-चिह्नों का अनुगमन करने से पूर्व
मैंने देखा—वे कैसे हैं?
अनुगमन ही किया जाए तो
उन्हीं का किया जाए जो स्पष्ट हों
स्थिर हों और लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हों
मैंने देखा—
तुम्हारे पद-चिह्न ठेठ वहां जाते हैं
जहां जाने पर साध्य सिद्धि बन जाता है
और साधक सिद्ध बन जाता है
जहां साधना और स्वभाव दो नहीं होते
और जहां जाने के लिए
बहुत खपना पड़ता है
बहुत तपना पड़ता है
उस परम लक्ष्य तक
तुम्हारे चरण-चिह्न अंकित हैं
हजारों आंधियां आयीं और हजारों तूफान
हवा के अनगिन झोंके और अनगिन भूचाल
न जाने कितनी बार
सर्दी और गर्मी ने अपना शासन किया
और वर्षा ने कितने काया-पलट किए।
पर वे तुम्हारे चरण-चिह्न आज भी अमिट हैं।
वे बहुत स्पष्ट हैं
लगता नहीं कि वे हजारों वर्ष पुराने हैं

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

तुम शाश्वत में विश्वास करते थे
और शाश्वत वही होता है
जो कभी पुराना न हो
तुम सत् में विश्वास करते थे
और सत् वही होता है
जो कभी धुंधला न हो
तुम चैतन्य में विश्वास करते थे
और चैतन्य वही होता है
जो न होने के लिए कभी न हो
तुम आनंद में विश्वास करते थे
और आनंद वही होता है
जो कभी परोक्ष न हो।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

उनकी एक-एक रेखा में
आज भी तुम्हारी साधना साकार हो रही है।
और तुम्हारी अहिंसा ने पथ को इस प्रकार
क्षुण्ण किया है कि शेष सारे पथ
उसी में विलीन होना चाहते हैं।
तुमने वे सब पथ ढूंढे थे
जिनमें पथ होने की क्षमता थी
अपथ कभी पथ बनता नहीं
पथ वही बनता है जो पथ है
ओ राजपथ के पथिक!
तुम्हारे पद-चिह्नों का अनुगमन करने से पूर्व
मैं देख चुका हूं कि 'वे कैसे हैं।'

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

२

महावीर को महावीर ही रहने दो तुम॥
उस अनंत असीम गगन को
आज किसलिए चले सांधने।
उस अथाह-अपार जलधि को
आज किसलिये चले बांधने।
सहज पक्व उस कल्पवृक्ष को
आज किसलिये चले रांधने।
मत सांधो जो स्वयं युक्त है।
मत बांधो जो स्वयं मुक्त है।
मत रांधो जो स्वयं भुक्त है।
युक्ति दृष्ट हो
मुक्ति इष्ट हो
भुक्ति सृष्ट हो

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

तो महावीर को महावीर ही रहने दो तुम॥१॥
बोल रहा है जीवन कण-कण, आज उसी पर चल बोलने
तुला हुआ जो रहा निरंतर, आज चले तुम उसे तोलने
खुला हुआ जो गांठ गांठ पर आज चले तुम उसे खोलने
बोलो तो फिर आग जलाकर
तोलो भर गागर में सागर
खोलो विष को अमृत बनाकर
सहज क्रांति हो
विगत भ्रांति हो
प्राप्य शांति हो
तो महावीर को महावीर ही रहने दो तुम॥२॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

३

पुरुषोत्तम! तुमसे पौरुष को, प्राप्त हुई है प्रचुर-प्रतिष्ठा।
तुम पुरुष थे और पुरुष में, व्याप्त, तुम्हारी अविकल निष्ठा॥
तुमने मुक्त किया मानव को, शास्त्रों की मोहक कारा से।
पौरुषेय है शास्त्र सभी ये, निस्यंदित अनुभव धारा से॥
पुरुष स्वयं है भाग्य-विधाता, नहीं यंत्रवत् संचालित है।
पुरुष स्वयं आत्मा परमात्मा, अपने विक्रम से पालित है॥
महावीर! धरती का कण-कण आज तुम्हारे प्रति प्रणत है।
छिपे हुए अपने पौरुष को, जागृत करने को अभिनत है।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

४

स्वर्ण कलश था
गड़ा हुआ मिट्टी में
उजली आभा
धुंधली सी बन
हुई तिरोहित
तुमने तोड़ी
मिट्टी की परतें
आंखों में आंजा अंजन
पढ़ा मनुज ने—
एकैव मानुषी जाति

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

आचार्य भिक्षु

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

५

हे अनाम के नाम संतवर
हे अरूप के रूप महान्।
नाम-रूप के इस जंगल में
हे अनाम! तुमको प्रणाम
हे अकाम! तुमको प्रणाम।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

६

बन विदेह तुम रहे देह में
इसीलिए अब भी सदेह तुम
स्नेह मुक्त बन जिए निरंतर
इसलिए हो महास्नेह तुम!
मृत्युधाम में रहकर तुमने
मृत्युंजय! अमरत्व पा लिया
अंधकार में रहकर तुमने
सस्वर दीपक राग गा लिया।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

७

जिसने किया
मौत से प्यार
उसके लिए खुला
सत्य का द्वार।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

८

मौत से डरता नहीं मैं
मौत मुझसे डर चुकी है।
मौत से मरता नहीं मैं
मौत मुझसे मर चुकी है।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

९

मृत्युंजय!
तुमने जीता मृत्यु का डर
तुम मृत्युंजय हो गये।
जीवन की आशंसा से दूर
तुम आदर्श में खो गए।
तुम नहीं जी रहे थे
जीने के लिए ललचाने वालों की तरह
तुम नहीं मर रहे थे
मृत्यु से घबराने वालों की तरह
तुमने हर बार झेला
मौत की चुनौती को।
तुम मौत की कल्पना से नहीं डरे
इसलिए तुम मरकर भी अमर हो गए
तुमने जीता मृत्यु का डर
तुम मृत्युंजय हो गए।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

१०

जी रहा हूं चेतना में
अमरता की लौ जलाए।
स्पंद में अस्पंद हूं मैं
श्वास का दीपक जलाए।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

११

तुम्हारे पास शब्द नहीं थे
मेरे पास अर्थ नहीं था
जब तुम मुझसे मिले
तुम्हें शब्द मिल गया
मुझे अर्थ मिल गया
जग को प्रकाश मिल गया।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

१२

धूप छांह
दोनों सटे हुए हैं
फिर भी कभी न मिलते
कभी न मिलते
हिंसा और अहिंसा के छोर

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

१२

दूध आक का
दूध गाय का
नाम दूध
पर
एक नहीं है।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

१४

बताओ अब मैं क्या बताऊं
कहो कह पाऊं
या मौन रह जाऊं
यह सुनने को उत्सुक
किया तूने नूतन काम
मुझे नहीं दीखता कुछ भी
कैसे शब्द सझाऊं
बताओ अब मैं क्या बताऊं
नहीं शशक के सींग उगाएं
नहीं गगन के फूल लगाएं
नहीं कभी भी वंध्यासुत को
तुमने कर से पाला
ना मेंढ़क के रोम उगाए
नया काम कुछ ना कर पाए
कैसे कहूं
तुम्हें महापुरुष!
और कैसे करुं
कोटिशः प्रणाम
महामहिम!
जो कुछ किया हो
तो संकेत जताओ
बताओ अब मैं क्या बताऊं
कहो कह पाऊं
या मौन रह जाऊं

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

नहीं तुम्हारा जन्म नाभि से
नहीं काल से
नहीं कमल से
नहीं गगन से भी तुम उतरे
नहीं उद्भव था भू अंचल से
दो हाथ थे
दो पैर थे
था मुंह भी एक
थे दो ही नयन
मानव जैसा ही शरीर
नहीं कुछ अंतर पाऊं
बताओ अब मैं क्या बताऊं
कहो कह पाऊं
या मौन रह जाऊं।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

नहीं किसी का राज्य छीना
नहीं किसी से सीस नंवाया
नहीं सताया
नहीं अनुशासन जमाया
नहीं किसी का
सर्वस्व लुटवाया
सबसे संकोच करते
नहीं चींटी को भी
इधर से उधर धरते
नम्र थीं भावनाएं
नहीं मानते स्वयं को
जगत् शिरोमणि
नभोमणि
क्या कर दिखाऊं
बताओ अब मैं क्या बताऊं
कहो कह पाऊं
या मौन रह जाऊं

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

नहीं नेतृत्व के
परचे बांटे।
नहीं बिखेरे कांटे
नहीं गुत्थियां उलझाई
नहीं राजस्व माना
नहीं जाना
रोटी पानी के लिए
घूमते स्वयं घर-घर
स्थान रहने को
कहां मिलता
सुलभ
वस्त्र की कठिनाई
क्या कैसे बताऊं
बताओ अब मैं क्या बताऊं
कहो कह पाऊं
या मौन रह जाऊं।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

बताया धर्म अहिंसा में
अहिंसा ही दया
दया ही अहिंसा
ये दोनों एक तत्त्व
तत्त्वतः
दया न हिंसा सह सकती
न होती है हिंसा में दया
वही पुरातन
सनातन सिद्धांत
था महावीर का प्रधान
वही विधान
वही समाधान
क्या परिवर्तन दिखाऊं
बताओ अब मैं क्या बताऊं
कहो कह पाऊं
या मौन रह जाऊं।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

नहीं युग की आवाज सांधी
बांधी सीमाएं
अनुशासन एकदम
कठिनतम
नहीं चले युग के चलाए
नहीं हिले प्रतिकूलता दिखाए
नहीं छिपाया सत्य
कटुतम हो प्रतीत
गतानुगतिक को
पक्ष रंजित चेतना को
सत्य कैसे छिपाऊं
बताओ अब मैं क्या बताऊं
कहो कह पाऊं
या मौन रह जाऊं।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

बस अधिक टीका टिप्पणी
न होगी
लेखनी क्या यहीं रुकोगी
झुकोगी
कहोगी न ?
क्या थे वे महान
दो उनके जीवन का ज्ञान
लो लो लिखाऊं।
थे सत्य के उपासक
महावीर के अनुयायी
उतारा जीवन में
उनका उपदेश
आदेश
बनाया वैसा ही आचार
वैसा ही विचार
वैसा ही संसार
बसाया
चाहे आत्मवान्
चाहे महापुरुष
चाहे नूतन
चाहे पुरातन
चाहे सो मानो
चाहे सो जानो
साधना में जीवन बिताया
पथ दिखाया
हृदय की आवाज
सबको सुनाऊं

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

१५

उद्‌गार
एक महापुरुष के उद्‌गार
वीर रस साकार
आत्म-बल का
अक्षय भंडार
निभाने को नियम
यम
रहते थे तैयार
हरदम
करने को जीवन का
उत्सर्ग
वही था स्वर्ग
अपवर्ग
नहीं थी प्राणों की परवाह
अंतर दिल की आह
कोई चाह
रहते बेपरवाह
देखते केवल एक
मुक्ति की राह
नहीं था मृत्यु का डर
रहते निडर
अमर
साधना में तत्पर

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

जाते लेने का भिक्षा
होता तिरस्कार
कहीं सत्कार
एक सार
रखते तितिक्षा
पाई थी आगम की शिक्षा
लेकर आहार पानी
जंगल में चले जाते
शांति में बिताते काल
वही था हमारा हाल
रख के आहार पानी
महीरुह की छाया में
लंबमान काया में
मध्याह्न में
करते थे धूप-स्नान
अम्लान
दत्तध्यान
रहते थे मग्न
लग्न
साधना में महान्

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

संध्या के समय
बसती में चले जाते
जहां कहीं स्थान पाते
करते तपस्या
एक दिन भोजन
एक दिन उपवास
चलता रहा
यही आयास
कई वर्षों तक
होने वाला था प्रकाश
तब तक
किंतु हम ऐसा नहीं जानते थे
होगा हमारी विचार धारा का
विकास
जिसमें है महावीर वाणी का
निवास

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

छा रहा था जनता में हठ का प्रकोप
आटोप
कर देते यों ही असत्य आरोप
नहीं जानते थे—
ऐसे दीक्षित बनेंगे जन
छोड़ छोड़ परिजन धन
हमें सोंप देंगे मन, वचन, तन
नहीं जानते थे ऐसे
होगा श्रावक समाज
मान लेगा हमें अपने
शिर का ताज
कैसे हो सकता अंदाज
चारों ओर आती एक
निन्दा की आवाज
जाने हो रहा हो
यही आम-रिवाज
कर रखा था ऐसा

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

निश्चय
विचार-विनिमय
बनकर साधना में तन्मय
आत्मा का कल्याण
करेंगे सहर्ष
चलता रहेगा
परीषहों से संघर्ष
साधना की वेदी पर
हंसते-हंसते कर देंगे प्राण
न्योछावर
इससे तो बढ़कर
है न कोई डर
केवल जीना ही जानता है
उसे होता है डर
जानता है मरना उसे
है न कोई डर
रहेंगे अटल
अडिग अचल
पल-पल अमर
साधना के पथ पर
न जाने क्या हुआ

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

यकायक
हटा भ्रम का आवरण
बदला वातावरण
शनैः शनैः छुप छुप
आने लगे कई लोग
रात में
एकांत में
चलती थी रोक टोक
जचने भी लगी बात
आया अवदात
स्वर्णिम प्रभात

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

थिरपाल-फतेचंद
युगल मुमुक्षु
किंचित् विवक्षु
आये निकट
बोले प्रकट
सुनो महाराज
आज
होकर सदय
हमारी विनय
अनुनय
यद्यपि तपस्या
आर्य!
परम प्रशस्या है
तो भी अनिवार्य है
परोपकार साथ-साथ
करे अर्ज जोड़ हाथ
दो हमें आज्ञा
करेंगे तपस्या हम
निर्मम
उपदेश दो जनता को तुम
हो बुद्धिमान्
ज्ञानवान्
बन जायेंगे अबोध जन
सहज सुबोध
मानो अनुरोध
होगा परम प्रमोद
विनोद
सुमति आसीन रहो
सतत तुम्हारी गोद

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

लालसा से अछूत पूत
नीति-प्रीति
अनुभूति
मुमुक्षु यमल की
अमल की
हृदय कमल की
कलिका को देखकर
मरंद सम लेखकर
तर तर
पुनः जाग उठी भावना
पावन परोपकार की
सत्य धर्म के
प्रचार की

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

१६

तुम और सब कुछ थे
पर अवसरज्ञ नहीं थे
दो सौ वर्ष बाद करने के काम
तुमने पहले ही कर डाले।
मुसीबतों के सांप थे
तुमने अपने ही हाथों पाले
तुमने ही की थी
अपने भगवान् की आलोचना
इस युग में
जो बंधा हुआ था
अतीत की बेड़ी से।
इतना बड़ा दुस्साहस
इसीलिए तुम्हें सहना पड़ा
हजारों-हजारों का आक्रोश।
इस स्वतंत्र चिंतन के युग में
आलोचना करना उचित होता
पर तुम पहले ही कर चुके
इसलिए मैं कहता हूं
तुम और.....॥१॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

तुमने ही दिया था
साधना शुद्धि का सूत्र।
तुमने ही उजागर किया था
संप्रदाय से परे
सत्य को देखने का दृष्टिकोण।
तुम अठारहवीं शताब्दी में जन्मे
मरुभूमि में
अनपढ़ लोगों के बीच
यह भूलों का सिलसिला
तुम्हारे जन्म से ही चल रहा है।
इस बीसवीं शती में जन्म लेते तो
तुम कुछ और होते
पर अवसरज्ञ नहीं थे॥२॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

१७

तुम जन्मे फिर इस उत्सव को
कैसे औ कैसे
स्वर्गवास का दिवस कहूं मैं
तात्त्विक गुत्थी उलझ रही है
कैसे मौन रहूं मैं ?
जीवन मृत्यु तुम्हारे
तत्त्व भरे चिंतन में
कोई मौलिक तत्त्व नहीं है
एक अवस्था परिवर्तन है
क्षणभंगुर तन
उसका
मोह नहीं था
लोभ नहीं था
क्षोभ नहीं था
द्रोह नहीं था
दूर हुआ तन
निकट हुआ मन
आत्मा आत्मा में
विकसित हो तुम
फलित हुई है सत्य साधना
अनगिन अनगिन आत्माओं में
अक्षर स्वर से बोल रहे तुम
इसको
जन्म दिवस क्या नहीं कहूं मैं
तात्त्विक गुत्थी उलझ रही है
कैसे मौन रहूं मैं ?

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

अणुओं का वह एक संगठन
सीमित तुमको
जता रहा था
अज्ञानी था
आखिर जड़ था
नहीं भविष्य पहचान रहा था
पर असीम की सीमा
अब कितनी और रहेगी
अखरी
बाल क्षणों में
कुछ एक क्षणों में
फटा
फटाटोप के साथ
विद्रोह स्फुलिंगों से
भीषण लपटों से
अम्बर को छूता
इक सेनानी की
छोटी सी टुकड़ी पर
घोर रौद्र वह आक्रमण था
सोचा जग ने
विकट पराभव होगा
मसला सब हल होगा
विश्व विजेताओं की सूची में
नाम बड़े गौरव से
अमर हमारा होगा

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

जड़ बन्धन कुछ प्रतनु हुआ
कुछ शिथिल हुआ
जनता का वह लक्ष्य अमलतम
कुछ अंशों में सफल हुआ
तुम भी कुछ बाहर आ पाए
उस सीमा से
संकीर्णतमा से
सतत रहा चालू आंदोलन
वर्षों तक
कई युगों तक
वह विक्रमशाली था
अणुओं की उस करामात से
करता अपनी रखवाली था।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

उद्घाटित कर सत्य सनातन
तुमने लोगों में जोश भरा
ज्यों रोष भरा
त्यों उभरे सीने उनके
हुए प्रहार अकल्पित चारों
ओर वही सबको अखरा
नीति वर्तता
तुम्हें प्रलोभन देता रहता
सीमा मुक्त किए जाता था
किन्तु तुम्हारे अन्तर्मन में
द्वन्द्व निरन्तर
जड़ की जड़ से मचा हुआ था
द्वन्द्वों की भंगुर लहरों में
आखिर कब तक टिक सकता था
छूट गया
वह टूट गया

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

भादव की तेरस दिन
तुम उन्मुक्त हुए थे
उस सीमा से मुक्त हुए थे
उस जनता के उपकारों से
आभारों से
जिसने घोर विरोध किया था
अपनी भावी संतानों का
मानो मार्ग प्रशस्त किया था
अपकारी क्यों ?
उपकारी है
तुम इतने द्रुत कैसे
क्यों जाने कब
सार्ध तीन कर की सीमा से
आत्मा आत्मा में रम पाते
आत्मा से था प्रेम सनातन
आत्म-रमण को
फिर कैसे
नहीं तुम्हारा जन्म कहूं मैं
तात्त्विक गुत्थी उलझ रही है
कैसे मौन रहूं मैं ॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

१८

एक निर्मल धारा
भूमि पर बहने को बाध्य है।
एक ज्योतिपुंज फैला है
हमारे बीच रहने को बाध्य है।
बहना अभी शेष है
इसलिए कभी धारा
भीतर बहती है
कभी बाहर बहती है।
फैलना अभी शेष है
इसलिए कभी बिन्दु बनता है
कभी रेखा बनता है।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

एक महान् आत्मा
हम लोगों के बीच है
कर्म भुगतने अभी शेष है
इसलिए कभी अपने भीतर जाते हैं
कभी बाहर आते हैं।
कोई महान आत्मा,
कुछ कर्म अभी शेष है
इसलिए हम लोगों के बीच
रहकर उन्हें भुगत रहे हैं,
करुणा का स्रोत बहा
मानव जाति का भला करने के बहाने।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

१९

वर्तमान की समस्या को समझे बिना
कोई भी विद्वान नहीं बनता।
वर्तमान की समस्या को सुलझाए बिना
कोई भी महान् नहीं बनता।
तुम विद्वान् थे इसीलिए कि
तुमने वर्तमान को पहचाना था।
तुम महान् थे इसीलिए कि
तुमने वर्तमान को माना था॥१॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

तुमने वर्तमान का जीवन जिया
इसीलिए क्रांति
तुम्हारे कदमों के पीछे चलती रही
तुमने वर्तमान को बहुत दिया
इसलिए क्रांति
तुम्हारे इंगित पर फलती रही
ओ वर्तमान के जागरूक प्रहरी!
ये अतीत के पुजारी
तुम्हारी प्रतिमा को पूज रहे हैं
अतीत के पुष्पों से॥२॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

तुमने हजारों वर्ष पुराने
पदचिह्नों को मिटा
नए पदचिह्न अंकित किए
वर्तमान की धूलि पर
फिर तुम कैसे हो सकते हो
अतीत के प्रहरी ?
फिर कैसे चढ़ाई जा सकती है
तुम्हारी प्रतिमा पर
अतीत की पुष्पांजलि ? ॥३॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

तुम्हारा वर्तमान
हमारा अतीत है
और हमारा वर्तमान
तुम्हारा भविष्य।
फिर भी हम तुम्हें देख रहे हैं
हमारे वर्तमान की आंखों से
हम तुम्हें तोल रहे हैं
हमारे वर्तमान के तराजू से॥४॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

हमारे वर्तमान की आंखों से दृष्ट
तुम्हारा रूप
बहुत सुन्दर है।
पर सर्वांग सुन्दर कैसे
हो सकता है?
काल की सीमा ने
न जाने कितने चश्में
बदल दिए है
युग की आंखों के॥५॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

किन्तु तुम अपने वर्तमान में
सर्वांग-सुन्दर थे
और कोई भी मनुष्य
अपने युग में ही हो सकता है
सर्वांग सुन्दर
और वही हो सकता है
जो अपनी नब्ज के साथ-साथ
युग की नब्ज को पहचान लेता है॥६॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

२०

युगपुरुष! तुमने सूत्रपात किया
नए युग का
नए जीवन का
समानता और न्याय
अनुशासन और एकसूत्रता
इनका जन्म ही
तुम्हारे युग का पहला लक्षण है
मानवीय विकास में
तुम्हारा बहुत बड़ा योग है
हम सब पर
तुम्हारा बहुत बड़ा ऋण है ॥७॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

अपने हाथों खड़ा किया हुआ
सपनों का महल
कोई भी तोड़ना नहीं चाहता
अपने हाथों जलाया हुआ
कल्पना का दीप
कोई भी फोड़ना नहीं चाहता
तुम इसलिए महामानव थे कि
तुमने वह सपनों का महल तोड़ डाला।
तुम इसलिए महामानव थे कि
तुमने वह कल्पना का दीप फोड़ डाला।
तुम्हें महल से कोई घृणा नहीं थी
किन्तु महल तभी महल हो सकता है, जब वह
रहने को अवकाश दे।
तुम्हें दीप से कोई घृणा नहीं थी,
किन्तु दीप तभी दीप हो सकता है, जब वह
प्रकाश दे।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

यह ठोस पर्वत भी
प्रतिध्वनि के रोग से आक्रांत है
यह कूए की गहराई भी
प्रतिध्वनि से भ्रांत है
यह स्वच्छ दर्पण भी
प्रतिबिम्ब का कायल है
यह सागर का असीम विस्तार भी
ज्वार से घायल है
तुम इसलिए महामानव थे कि
तुम में प्रतिध्वनि के कीटाणु संक्रांत नहीं हुए।
तुम इसलिए महामानव थे कि
तुम प्रतिबिम्ब के कीटाणुओं से भ्रांत नहीं हुए।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

तुम्हारी भाषा में सघन वही है
जो झुक भी सकता है
तुम्हारी भाषा में गहरा वही है
जो रुक भी सकता है
तुम्हारी भाषा में स्वच्छ वही है
जो अपना श्वास लेता है
तुम्हारी भाषा में विस्तार वही है
जो कटुता में मिठास भर देता है
आकाश इसीलिए सत्य है कि
उसकी कोई छाया नहीं है
धूप और छाया उसी में होती है, पर
वह उनके प्रभाव में कभी आया नहीं है
महामानव!
तुम मूल थे, इसीलिए तुम्हारा सब कुछ
मूल ही मूल है।
तुलसी को कोई तुम्हारी छाया कहे तो
वह सबसे बड़ी भूल है।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

२१

देव तुम्हारे सपनों का
संसार आज यथार्थ हो रहा
कुछ फल पके और कुछ पकने को
कुछ का युग बीज बो रहा
आसाढ़ी पूनम की ज्योत्स्ना
नभ से भू को चूम रही थी
उच्चावच पर्वतमालाओं पर
हरियाली झूम रही थी
उसी कल्पना ललित परिस्थिति में
तुमने था सपना देखा
वृक्ष अतल में मूल छू रहा
तल को गहरी -गहरी रेखा
आज वही सिद्धांत विश्व के
कण-कण में चरितार्थ हो रहा॥१॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

शाखा की फिर कोई शाखा
इसका मतलब मूल नहीं है
मूल शून्य शाखा की सत्ता की
स्वीकृति क्या भूल नहीं है ?
तुमने ऐसा सपना देखा
शाखा तरु से भिन्न नहीं है
एक मूल का अभिसिंचन पा
कोई किंचित् खिन्न नहीं है
आज वही सिद्धांत विश्व के
कण-कण में चरितार्थ हो रहा ॥२॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

पथरीली धरती पर तुमने
सपना देखा भूतल सम है
आगे पीछे बढ़ना हटना
मति कागति का निश्चित क्रम है
तुमने देखा शून्य दिशा में
भूमि गगन है पास आ रहे
भूमि भूमि है गगन गगन है
स्वयं स्वयं के गीत गा रहे
आज वही सिद्धांत विश्व के
कण-कण में चरितार्थ हो रहा॥३॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

तुमन देखा मृन्मय दीपक
दीप-शिखा से भिन्न हो रहा
तुमने देखा बीज भूमि में
छिप अपना अस्तित्व खो रहा
तुमने देखा मुक्त विहग है
आयस-पंजर टूट रहा है
तुमने देखा बद्ध-मनुज अब
नाग-पाश से छूट रहा है
आज वही सिद्धांत विश्व के
कण-कण में चरितार्थ हो रहा॥४॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

भले तुम्हारे पथ की काया
सीमित हो पर साफ सरल है
भले तुम्हारे तरु की छाया
सीमित हो पर घन शीतल है
किन्तु तुम्हारी पुण्य चेतना
युग प्रतिनिधि में आज प्राप्त है।
नहीं जानते तुम्हें उन्हीं में भी
देखा वह तंत्र व्याप्त है
आज वही सिद्धांत विश्व के
कण-कण में चरितार्थ हो रहा॥५॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

२२

कलियुग है तुम कौन यहां
अब फिर सतयुग को लाने वाले
वह बीत गया मैं जीत गया
अब मेरा ही बस तंत्र चलेगा
इस सांचे में जो कि ढलेगा
वह फूलेगा और फलेगा
मैं क्या सतयुग का अनुयायी
जो उसकी कृति का दोहराऊं
वहां समय पर वर्षा होती
मैं असमय में जल बरसाऊं
पूजा जाता साधु भले हो
अब असाधु को मैं पूजवाऊं
तुम अतीत को गाने वाले॥१॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

क्या सोचा तुमने कि विनय का,
पुनः प्रतिष्ठान हो जग में
मैं स्वतंत्रता का हामी हूं
नया रक्त मेरी रग-रग में
पग-पग पर मैं इसी भाव को
सहलाता हूं बहलाता हूं
मन को अपने परिकर में
मैं धुन का पक्का कहलाता हूं
तुम्हें चाहिए मन वच का सुख,
उससे मेरा वैर रहा है
सतयुग के उन भक्तों में जो,
बात-बात में खैर रहा है।
सह न सकूंगा मैं उनको जो
प्रतिस्रोतों में जाने वाले॥२॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

अडिग रहे आचार्य लक्ष्य पर,
उसने अपना वचन निभाया
बरस पड़ा आकाश कष्ट बन,
कांटों का घन जाल बिछाया
लड़े और गए लड़ते ही,
पैर कहीं पर नहीं थमे थे
तपा घोर तप सरिता की
तपती बालू में हुए रमे थे
रुके नहीं वे झुके नहीं
गन्तव्य मार्ग से नहीं मुड़े वे।
पगा हुआ था मानस का मत
कलियुग से जा नहीं जुड़े वे
अपने व्यर्थ प्रयत्नों पर वह
मन ही मन आखिर पछताया
सकुचाता आया मुनि-युग को,
अपने मन का भाव जताया
बढ़े चरण उत्सुक संतों के,
नई प्रेरणा पाने वाले॥३॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

प्रभो! प्रार्थना, सफल हुआ तप
न्याय मार्ग को प्रथित करो अब
जन-जन के अंतर मानस में,
अनुशासन का भाव भरो अब
हमें सौंप दो यह तप का मन,
बुद्धिमान हो और विचक्षण
देव! तुम्हारे इन हाथों से
बने विनय का मार्ग विलक्षण
पा संकेत पराजय का
कलि-युग की भिक्षु युगल के द्वारा
गुण-पूजा का शंख बजा तब,
अनुशासन का मिला सहारा
बदल गया सारा ढांचा अब
हुए उपासक हुए भिक्षुवर
कालकूट से जो लगते थे,
वही हो गये मधुर इक्षुवर
जीवन को सरसाने वाले॥४॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

तेरापंथ संघ रचना का,
यह इतिहास महान् समुज्ज्वल
सदा रहा है इसके पीछे,
क्षमा नीति-तप संयम का बल
संबल देते रहते है
आचार्य सतत साधक को पोषक
आपस में सब भाई-भाई,
नहीं कहीं शोषित या शोषक
प्रेम पुलक आचार-भित्ति पर
अनुशासन है और विनय है
और अकिंचनता का आग्रह
कलियुग पर यह महाविजय है।
मानस को उलझाने वाले॥५॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

२३

यु. मु.— आर्य! रुद्ध हो रहा है
सरिता का कलरव
मौन हो रहा है निर्झर
रुक रहा है प्राण
न जाने क्यों बादल भी
स्थिर होकर खड़े हैं
गगन के प्रांगण में
निरंतर गतिशील
तुम्हारे पैर भी ठिठक गए हैं
निराशा के कुहासे में

आ. भि.— सब गतिशील हैं
अपनी-अपनी दिशा में
मैं अपने लिए चलता हूं
क्या दूसरों के लिए
चलना ही चलना है?
क्या दूसरों के लिए
जलना ही जलना है?

आ. भि.—आचार्य भिक्षु
यु. मु.—थिरपाल फतेचंद

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

यु. मु.— क्या कोई पेड़ कह सकता है
मैं अपने लिए फलता हूं?
क्या कोई दीप कह सकता है
मैं अपने लिए जलता हूं
फलने वाला दूसरों को
फल देकर ही कृतार्थ होता है।
जलने वाला दूसरों को
प्रकाश देकर ही यथार्थ होता है।

आ. भि.— क्या जंगल के पेड़
फल कर ही कृतार्थ नहीं होते हैं?
अनंत आकाशी दीप
क्या जलकर ही यथार्थ नहीं होते हैं?
दूसरों के लिए होना ही कृतार्थता है
तो क्या अस्तित्व अपने आप में व्यर्थ है?

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

यु. मु.– अस्तित्व अस्तित्व है
उसके अंचल में
उत्पन्न ही नहीं है
व्यर्थ और अव्यर्थ जैसे शब्द
ये उत्पन्न होते है
उसकी अभिव्यक्ति के अंचल में।
आ. भि.– क्या अभिव्यक्त होना ही सार्थकता है?
कितने-कितने परमाणु
शक्ति को समेटे हुए पड़े हैं
इस अनंत के गह्वर में।
क्या उनका होना होना नहीं है?
क्या वे अपने आप में कृतार्थ नहीं है?
यु. मु.– होना ही सार्थकता है
तो हम सब हैं
फिर किसलिए यह साधना?
किसलिए आराधना?
किसलिए दीक्षा?
और किसलिए तितिक्षा?
यह सब अस्तित्व को
अभिव्यक्त और अनावृत
करने के लिए ही तो है।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

२४

श्रद्धा ने पाया आकार
पावन हो पाया आचार,
मिला सत्य को भी आधार
सजा क्षमा ने नव शृंगार।

स्वयं भटकता था जो ध्येय
और साधना बन अज्ञेय,
बना उन्हें जीवन पाथेय
किया कि झंकृत जीवन तार।

मिला धर्म को ज्योतिधर दूत
संघ शक्ति को मिला सपूत,
और साध्य को साधन पूत
जिन वाणी को व्याख्याकार।

अंग भंग कर हुआ अनंग
सुनता ही आया जो व्यंग,
हुआ वही आदर्श सुरंग
बनकर जीवन का व्यवहार।

वाणी और कर्म का भेद
जिसे देख हो आया स्वेद,
भीग गए सरिता के कूल
फूट पड़ा मानस का प्यार।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

२५

थे तरंगित सात सागर
स्थिर नहीं आकाश भी था,
कांपता था भूमि का तल
हृदय में नहीं सांस भी था।

स्वापिनी का दौर था इस
छोर से उस छोर सारे
मोहिनी पुद्गल छटा से
मुग्ध थे दोनों किनारे।

आर के आकर्षणों ने
पार को था जो भुलाया,
जानते थे आंख खोले
हन्त उसको भी भुलाया।

विरति अविरति की दिशाएं
हन्त मिलने जा रही थी,
मोक्ष को संसार की
सरिता बहा ले जा रही थी।

धैर्य बन-बन जागरण पी
घूंट कड़वी भिक्षु आया,
विघ्न बन-दिग् मिलन का तब
मोक्ष ने अवलम्बन पाया।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

२६

स्वामिन् राह बता रे
'मार्ग दिश मार्ग दिश' की ध्वनि
अन्तर की सुन पा रे
पथ उत्पथ सा लगता जिनको उनको कुछ समझा रे।
तूने ही तो समझाई थी धर्म मर्म की वाणी
तुम से ही तो एक-'आत्मौपम्यं' समझ सका था प्राणी
प्राणी प्राणी की वह समता आगे और बढ़ा रे॥
ऊंच नीच के भेद भाव को था तुमने तब तोला
पहन रखा था जबकि न्याय के चन्द बड़ों का चोला
कौन व्यथा सुनता होठों की अन्तर दाह बुझा रे॥
तुमसे मूक उपेक्षा पाते अर्थी कि इसका होगा
नहीं मिलेगी तुम्हें बड़ों से करनी सा फल होगा
बहुत कहा तूने थोड़े में सफल हुई प्रतिभा रे॥
जो कुछ तूने थोड़े में अंतर दृष्टि सहारे
इसीलिए तुमको कहती है बहिर् दृष्टि दुनिया रे
महावीर के तुम विरोधी जिन पर प्राण उबारे॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

२७

प्राण! तुम्हारी मंथर गति है तो भी तुम चलते जाओ।
महाप्रभू में लय हो मेरे मन के भाव सुना आओ॥
देव तुम्हारे जीवन को जब पढ़ना मैंने शुरू किया था।
पंडित बनने का सुंदर सा अवसर मैंने झांक लिया था॥
कुछ कुछ आगे बढ़ा मुड़ा फिर अनुभव पाया विद्यार्थी हूं।
बढ़ी उलझने बढ़ी कठिनता, अब सुलझाने का अर्थी हूं॥
किस दुनियां में तुम जन्मे थे, किन अणुओं से गात बना था।
इंद्रिय रचना कहां हुई, किस धातुव्यूह से चित्त बना था॥
नहीं भीड़ की रखी अपेक्षा, आध्यात्मिकता के उस तल में।
पहुंच गए फिर देख न पाए, दुनिया को उसकी हलचल में॥
कष्ट भयंकर सम्मुख आए, नहीं कभी उनसे घबराए।
वे शारीरिक अणु संजीवित, नहीं कष्ट अनुभव कर पाए॥
आंखे देख सकी थी अवगुण, कैसी थी, वह तारा।
निंदा सुन सकते थे हंस हंस, थी कैसी वह मानसधारा॥
किस अतल भूतल अंतर में, पैर तुम्हारे जमे हुए थे।
किस अदृश्य नभस्तल उर में, नयन तुम्हारे रमे हुए थे॥
उखड़ न पाए संघर्षों से, भूचालों से दुश्चालों से।
चुंधियाए ना नयन कहीं भी, चकमक जग के मतवालों से॥
अन्तर्ज्योति जगी फिर कैसी, निंदास्तुति सौ सुख दुःख कैसा।
गुत्थी सुलझ गई इतने में तिमिर मिटा फिर बंधन कैसा॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

२८

१. सूर्य तू होता नहीं तो तिमिर भी होता नहीं
आलोक के सद्भाव में अस्तित्व भी खोता नहीं
वर्ण तुम होते नहीं तो मूर्ख फिर मिलते नहीं
भिक्षु तुम होते नहीं न असाधु भी मिलते कहीं
२. वर्णमाला में प्रमुख जैसे स्वरों का स्थान है
संघ तेरापंथ में आचार्य का सम्मान है
भाव की अभिव्यक्ति में भाषा यथा अनिवार्य है
भिक्षु की नियमावली तद्वत् यहां व्यवहार्य है
३. मरुधरा के रत्न तुझसे कार्य का प्रारंभ है।
मरुधरा का रत्न ही तो मध्य का आलंब है
मरुधरा का रत्न ही तो पूर्ति का संलग्न है
मरुधरे! तेरे विभव से हर्ष से तू मग्न है।
४. खान-पान नहीं तुझे है याद आता इसलिए
हाँ जरूरत के बिना संचय कर फिर किसलिए
तत्त्व की अनभिज्ञता से मरुधरा कहते तुझे
रत्नगर्भे! मरुधरे! मा! खेद है इसका मुझे
५. वत्स! खेदं मा कुरु त्वं! देखता जा तू अभी
मरुधरा के नाम से क्या खेद हो सकता कभी
रत्न मेरा रत्न होगा शीघ्र विश्व किरीट का
रत्न गर्भाएं बनेंगी मरुधरा की पीठिका।

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

२९

एकता का मूल सूत्र शक्ति का है एक केन्द्र।
एक गुरु में सर्व सत्ता रूप उसका है विकेन्द्र॥१॥
एक कर सकता नहीं सब कुछ अतः संघ में बिखेर।
शक्ति को लो भक्ति बदले, सफलता का यह सुभेर॥२॥
संत दो दो साध्वियां दो पुस्तकें दो कार्य भार।
और दो सब जो कि देना, दो न सब सर्वाधिकार॥३॥
भेद रुचि का है अनन्त और चिंतन का न अंत।
किन्तु जो गति ले सितार, झनझनाए तार॥४॥
किन्तु वैसा हो न मोह एक का आभार मान।
साधु के आचार की दे, शिथिलता में योगदान॥५॥
हो न आग्रह भाव वैसा, पच न पाए नव्य सत्य।
रूढ़ि की तो शरण जीवित, क्यों छिपाया जाम तथ्य॥६॥
बहुश्रुति मिल चर्च लो, फिर भी न जो निकले निचोड़।
केवली गम्य कहो, गुरुवचन मानो हाथ जोड़॥७॥
हो न गुरु पर जब कि श्रद्धा तो न गुरु मानो बलात्।
तार श्रद्धा का न टूटे, तो न उलझो सरल बात॥८॥
विजय का झंडा लिए फिर विश्व में विचरो सुखेन।
भिक्षु गण की एकता को, भिक्षु की यह अमर देन॥९॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

३०

ये महापुरुष जो होते हैं वे दुनिया से उल्टे चलते हैं,
नहीं पता फिर भी क्यों उनके पदचिह्नों पर हम चलते हैं?
गरल पान कर प्रवर सुधा के वे उद्‌गार लिया करते हैं,
सत्य खोजने वाले ही तो व्यत्यय बहुत किया करते हैं॥१॥
कड़वे बोलों को सुनकर वे मन में आनंदित होते हैं,
अचरज है वे समझदार जनता से अभिवंदित होते हैं॥२॥
शत्रु-मित्र को एक दृष्टि से प्रतिपल वे देखा करते हैं,
वे ही जग की सत्य दृष्टि का बार-बार लेखा करते हैं॥३॥
गंध भरे स्थानों में उनको परिमल का अनुभव होता है,
बहुत विपर्यय करने वालों के कर में वैभव होता है॥४॥
वे प्रहार में उपहारों का स्पर्श सुकोमल सा पाते हैं,
क्षीर-नीर विवेक बुद्धि की गाथाएं वे ही गाते हैं॥५॥
कष्टों का रच व्यूह विकटतम वे वरदान दिया करते हैं,
फिर भी सुख को चाहने वाले, उनका नाम लिया करते हैं॥६॥
ये महापुरुष जो होते हैं वे क्या जाने कैसे होते हैं,
नही मिला अपमान कहीं कुछ वे कि नहीं जैसे होते हैं॥७॥

© Jain Vishva Bharati For Private & Personal Use Only https://books.jvbharati.org

३१

सत्य मूर्त कब होता।
जीवन में वह रहता फिर भी, उनसे मुग्ध न होता।
आत्मद्रष्टा का नयन वह, नय में नयन पिरोता॥
प्रिय-अप्रिय वह नहीं देखता, सुख-दुःख भान न होता।
